nt>
Title: Need to declare highway between Nasirabad and Mahu as National Highway.

डा. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय (मंदसौर) : अध्यक्ष महोदय, दिल्ली से मुंबई के मध्य जयपुर-अजमेर-नसीराबाद-नीमच-मंदसौर होकर एर राष्ट्रीय राजमार्ग है। एक दूसरा मार्ग वाया मथुरा-आगरा-देवास होकर है, किन्तु सुरक्षा व मार्ग के छोटे होने से प्रथम मार्ग पर भारी यातायात है जो वाया जयपुर-अजमेर है, किन्तु इस मार्ग का मध्य भाग नसीराबाद से महू तक राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं है। इस कारण सड़क परिवहन में भारी कठिनाई है। कई बार बड़ी दुर्घटनाएं भी हुई हैं। राजस्थान व मध्यप्रदेश की राज्य सरकारों द्वारा भी इस बीच के भाग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाए जाने का अनुरोध किया गया है तथा विभिन्न नगर निगमों, नगरपालिकाओं, नगर पंचायतों व अन्य व्यापारिक व सामाजिक संगठनों, सांस्कृतिक व आम जनता ने इस हेतु निवदेन किया है कि यातायात की सुविधा समय की बचत, ईंधन की बचत होकर इससे भारी राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में योगदान होगा।

अतः मेरा परिवहन मंत्री महोदय से निवेदन है कि उक्त मध्य भाग नसीराबाद सके महू जो नीमच-मंदसौर होकर निकलता है, को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तन किया जाए।